**संख्या-08/आई/1203277/2026/004-89-1002/10/2025**

प्रेषक,

मनोज वर्मा,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

निदेशक,
प्रशिक्षण निदेशालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता अनुभाग लखनऊ: दिनाँक: 13 जनवरी, 2026

**विषय- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विशुनपुर विश्राम, पचपेड़वा-बलरामपुर में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-आई/399719/2025/UPDTE/242/2025 , दिनांक 31.12.2025 के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विशुनपुर विश्राम, पचपेड़वा-बलरामपुर में बाउन्ड्रीवॉल एवं गेट का निर्माण कार्य हेतु मानकीकृत लागत रूपये 191.57 लाख पर प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमोदन प्रदान करते हुए शासनादेश संख्या-38/आई/894981/2025/002-89-10022102025, दिनांक 03.03.2025 द्वारा प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रूपये 56.40 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदया राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विशुनपुर विश्राम, पचपेड़वा-बलरामपुर में बाउन्ड्रीवॉल एवं गेट का निर्माण कार्य हेतु अवशेष धनराशि **रू0 135.17 लाख (रूपये एक करोड़ पैतीस लाख सत्रह हजार मात्र)** को स्वीकृत करते हुए आपके निर्वतन पर रखे जाने एवं व्यय किये जाने की सहर्ष उक्त शासनादेश दिनांक 03.03.2025, तथा 27.03.2025 में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करती हैं।

| **क्र0 सं0** | **राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/ जनपद का नाम** | **कार्यो का विवरण** | **प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमोदन की धनराशि** | **पूर्व मे स्वीकृत धनराशि** | **स्वीकृत की जा रही अवशेष धनराशि** | **कार्यदायी संस्था का नाम** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विशुनपुर विश्राम, पचपेड़वा-बलरामपुर | संस्थान के बाउन्ड्रीवॉल एवं गेट का निर्माण कार्य | 191.57 | 56.40 | 135.17 | यू0पी0पी0सी0 एल0 |

3- इस संबंध में होने वाला व्यय **रू0 1,35,17,000 (रूपये एक करोड़ पैतीस लाख सत्रह हजार मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या**-83 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

4250007890500 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अवशेष निर्माण कार्य मानक मद-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
**मनोज वर्मा**
संयुक्त सचिव

**संख्या एवं दिनांक तदैव।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
3- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन,उ0प्र0,लखनऊ।
4- जिलाधिकारी, बलरामपुर।
5- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-11/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2 ।
6- वित्त नियंत्रक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन,उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
7- प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0पी0सी0एल0, लखनऊ।
8- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, 125 उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ।
9- संबंधित जनपद के प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान। (द्वारा निदेशक)।
10- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
**मनोज वर्मा**
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।